हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 13 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री



4 सरदार पटेल की 150 वीं जयंती पर पुलिस का एकता पौधरोपण अभियान प्रारंभ



## खबर संक्षेप

### हाइवा ने पिकअप को मारी टक्कर, चालक फरार

**रायगढ़।** घरघोड़ा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार हाइवा की टक्कर से मुर्गी लोड पिकअप वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में पिकअप चालक और उसका साथी घायल हो गए। घटना के बाद हाइवा चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, बलरामपुर जिले के ग्राम चन्द्रनगर निवासी सैमुद्दीन अंसारी पिछले एक माह से प्रदीप सरकार की बोलेरो पिकअप क्रमांक यूपी 64 सीटी 8487 चला रहा है। 10 जुलाई की रात करीब 2 बजे वह रायगढ़ से बॉयलर मुर्गी लोड कर अपने साथी मिथुन राय के साथ तातापानी बलरामपुर जा रहा था। इसी बीच सुबह करीब 5 बजे ग्राम कुडुमकेला-डुमरपाली के पास सामने से आ रहे हाइवा (CG 15 EE 3087) के चालक ने कथित रूप से तेज एवं लापरवाही से वाहन चलाते हुए पिकअप को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद हाइवा चालक मौके से फरार हो गया। हादसे में सैमुद्दीन अंसारी के दोनों हाथ और बाएं पैर में चोटें आईं, जबकि उसके साथी मिथुन राय के होंठ, सीने और कमर में चोट लगी। राहगीरों ने 108 एम्बुलेंस की मदद से दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया। घरघोड़ा पुलिस ने फरार हाइवा चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाकर दुर्घटना करने का अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### गाली देने के शक में युवक से मारपीट

**रायगढ़।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में गाली देने के शक में एक मोबाइल कारोबारी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। शराब के नशे में युवक घर पहुंचा, गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और हाथ-मुक्कों से हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, यश बंसल निवासी ढिमरापुर रोड स्थित एकार्ड होटल के सामने अपने परिवार के साथ रहते हैं। केवड़ाबाड़ी चौक, इंदिरानगर रोड पर उनकी न्यू मोबाइल वर्ल्ड नाम से मोबाइल की दुकान है। 10 जुलाई की रात करीब 9:30 बजे राजा देवता उनके घर पहुंचा और एक दिन पहले रात में गाली देने का आरोप लगाने लगा। यश बंसल ने आरोप से इनकार किया तो राजा देवता गाली-गलौज करते हुए वहां से चला गया। अगले दिन 11 जुलाई की दोपहर करीब 1:30 बजे राजा देवता शराब के नशे में फिर उनके घर पहुंचा और गाली देने की बात को लेकर विवाद करने लगा। उसने यश बंसल और उनके पिता के साथ अश्लील गाली-गलौज की, जान से मारने की धमकी दी और यश बंसल के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट कर दी। हमले में यश बंसल के बाएं गाल और गले में चोट आई। घटना के दौरान कान्हा अग्रवाल और एम. डी. एजाज ने बीच-बचाव किया। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी राजा देवता के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज, धमकी सहित संबंधित धाराओं में अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की बोरी का वजन कम, अब ईओडब्ल्यू करेगी जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए उपयोग की गई बारदाने की कम वजन को लेकर ईओडब्ल्यू से शिकायत की गई थी। इसकी जांच अब चालू हो गई है। राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण एवं एंटी करप्शन ब्यूरो ने संबंधित विभाग से जानकारी मांगी है। शिकायत को लेकर की गई कार्रवाई से इस कार्यालय को अवगत कराने कहा गया है।

दरअसल यह शिकायत रायगढ़ बचाओ लडेंगे रायगढ़ के विनय शुक्ला ने जिला विपणन कार्यालय के खिलाफ की गई है।

इसमें बीते 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए खरीदी की गई बारदाना मानक स्तर से कम वजन और स्तरहीन होने की शिकायत की गई है। इसमें करोड़ों की गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की गई है। उनके द्वारा बीते 8 सालों में बारदाना घोटाले की जांच के संबंध में शिकायत की गई है। ईओडब्ल्यू ने इस शिकायत को संबंधित विभाग के सचिव को भेजी गई है। विभाग से इस शिकायत के संबंध में की गई कार्रवाई की जानकारी मांगी गई है।

**विभाग ही करेगा जांच और कार्रवाई, प्रतिवेदन के बाद ईओडब्ल्यू की शुरू होगी जांच**



### समिति प्रबंधकों ने की थी शिकायत

बारदाने की वजन को लेकर रायगढ़ जिले के कई समिति प्रबंधकों ने शिकायत की थी। यह काफी गंभीर मामला था। बोरी की वजन कम होने से किसानों से धान ज्यादा लिया गया। इसकी भी कई बार शिकायत की गई, लेकिन जांच नहीं हुई। अब इसकी जांच ईओडब्ल्यू करेगी। इसमें क्या कुछ सामने आएगा यह तो जांच के बाद ही पता चलेगा।

## जर्जर सड़क के जीर्णोद्धार की मांग, धरने पर बैठे आदिवासी नेता सहित ग्रामीण

# 600 मीटर सड़क निर्माण का 4 साल से किसान को नहीं मिला मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़





बाकरमा-लैलूंगा मार्ग की जर्जर हालत को लेकर रविवार को हुए चक्काजाम ने प्रशासन को तत्काल कार्रवाई के लिए मजबूर कर दिया। सड़क पर प्रदर्शन कर रहे भाजपा से बगावत करने वाले आदिवासी नेता रवि भगत सहित ग्रामीणों के बीच पहुंचे एसडीएम ने लिखित आश्वासन दिया कि एक सप्ताह के भीतर डीएमएफ मद से सड़क निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। इसके बाद आंदोलन समाप्त कर दिया गया।

भाजपा से नाता तोड़ने के बाद आदिवासी नेता रवि भगत के नेतृत्व में क्षेत्र के ग्रामीण रविवार की सुबह से ही जर्जर सड़क के निर्माण की मांग को लेकर एकत्र हुए। जैसे ही चक्काजाम शुरू हुआ और वाहनों की आवाजाही प्रभावित होने लगी, प्रशासनिक अधिकारियों के कान खड़े हो गए और वे मौके पर पहुंच गए। आंदोलनकारियों और प्रशासन के बीच हुई लंबी चर्चा के बाद एसडीएम ने लिखित प्रतिवेदन सौंपा। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि बाकरूमा से लैलूंगा तक प्रस्तावित सड़क परियोजना का अधिकांश हिस्सा एडीबी के माध्यम से बनाया जाना है, लेकिन राजपुर गांव के पास लगभग 600 मीटर भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी नहीं होने से निर्माण अटका हुआ था। अब अधिग्रहण से जुड़ी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। प्रतिवेदन में यह भी बताया गया कि उक्त 600 मीटर सड़क के निर्माण के लिए एडीबी से राशि उपलब्ध नहीं होने पर जिला प्रशासन ने डीएमएफ मद से करीब 1.32 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। निर्माण एजेंसी का चयन हो चुका है और निविदा की प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

### हरकत में आ गया प्रशासन

ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए जिला प्रशासन ने पहल करते हुए लोक निर्माण विभाग से प्राक्कलन तैयार कराया और डीएमएफ से 1 करोड़ 32 लाख 56 हजार बीते 21 मई को स्वीकृत की गई। इसके बाद लोक निर्माण विभाग द्वारा निविदा प्रक्रिया प्रारंभ की गई है तथा निविदा पूर्ण होने के पश्चात शेष सड़क निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। इसी बीच आम नागरिकों को आवागमन में परेशानी न हो इसके लिए जिला प्रशासन के निर्देश पर मार्ग को तत्काल आवागमन योग्य बनाने के उद्देश्य से मरम्मत कार्य प्रारंभ कराया गया।

अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि एक सप्ताह के भीतर निर्माण प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इस संबंध में रवि भगत ने हरिभूमि को बताया कि इस सड़क का करीब 600 मीटर का हिस्सा एक किसान के हक व स्वामित्व में था, जिसे अधिग्रहण तो करीब 4 साल पहले ही कर लिया गया था। किंतु इसकी उचित मुआवजा राशि प्रशासन किसान को देना भूल गया। यही वजह यह है कि इस मार्ग में यह 600 मीटर की सड़क का काम आज भी अधूरा है। रवि भगत ने कहा कि यह किसी व्यक्ति या दल की नहीं, बल्कि क्षेत्र की जनता की जीत है। उन्होंने कहा कि वर्षों से खराब सड़क के कारण लोग परेशान थे, लेकिन लगातार मांग के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। जनता के एकजुट होने के बाद ही प्रशासन ने लिखित आश्वासन दिया है।

ग्रामीणों ने भी साफ कर दिया है कि यदि तय समय के भीतर निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो आंदोलन फिर से शुरू किया जाएगा। फिलहाल प्रशासन को अपने वादे को पूरा करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है।

## सचिव पर पंचायत भवन में हमला, टेबल उठाकर सिर पर मारा, हुआ घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




**आवास की राशि नहीं मिलने पर किया जानलेवा वार**

धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र में शासकीय कार्य के दौरान एक ग्राम पंचायत सचिव पर हमला करने का मामला सामने आया है। शराब के नशे में पंचायत भवन पहुंचे एक युवक ने आवास योजना की राशि को लेकर विवाद करते हुए सचिव के साथ गाली-गलौज की और टेबल उठाकर उनके सिर पर दे मारा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने और मारपीट सहित विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार, वार्ड क्रमांक 12 नीचेपारा धरमजयगढ़ निवासी कैलाश नारायण यादव 49 वर्ष ग्राम पंचायत सिसरिंगा में सचिव के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 9 जुलाई की दोपहर करीब 3 बजे वे पंचायत भवन में बैठकर सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान के तहत सर्वे प्रपत्र भर रहे थे। इसी दौरान रामनारायण राठिया पंचायत भवन में पहुंचा। इस दौरान वह शराब के नशे में था और प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि नहीं मिलने की बात कहते हुए सचिव से गाली-गलौज करने लगा। सचिव ने उसे नशे की हालत में होने की बात कहते हुए बाद में आने और तब पूरी जानकारी देने की बात कही। इससे नाराज होकर आरोपी ने पंचायत भवन में रखा टेबल उठाकर सचिव के सिर पर पटक दिया, जिससे उनके सिर में चोट आई। घटना के समय पंचायत भवन में करीब 15 से 20 ग्रामीण मौजूद थे। घटना के बाद घायल सचिव ने धरमजयगढ़ थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी रामनारायण राठिया के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने, गाली-गलौज और मारपीट सहित संबंधित धाराओं में अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

# लव जिहाद मामले में नया मोड़ : प्रोडक्शन वारंट पर पूछताछ के बीच पीड़िता का माफीनामा वीडियो वायरल

**रायगढ़।** महिला प्रताड़ना और नाबालिग को कथित तौर पर भारत विरोधी नारे सिखाने तथा लव जिहाद के आरोपों से जुड़े चर्चित मामले में नया मोड़ आ गया है। एक ओर पुलिस ने जेल में बंद आरोपी वसीम मोहम्मद को प्रोडक्शन वारंट पर लाकर घटनास्थल पर पूछताछ की। वहीं दूसरी ओर मामले की शिकायतकर्ता महिला का माफी मांगते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो में महिला ने कहा है कि उसने गुस्से में आकर शिकायत दर्ज कराई थी और अब उसे अपने पति से कोई शिकायत नहीं है।

बहुचर्चित महिला प्रताड़ना एवं कथित राष्ट्रविरोधी नारे सिखाने के मामले में पुलिस जांच जारी है। इस बीच पीड़िता के नए वीडियो ने पूरे मामले को एक बार फिर सुर्खियों में ला दिया है। पुलिस ने इस मामले में जेल में बंद आरोपी वसीम मोहम्मद को न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट प्राप्त कर एक दिन की पुलिस अभिरक्षा में लिया। पुलिस टीम आरोपी को घटनास्थल पर लेकर पहुंची जहां उससे पूछताछ, स्थल निरीक्षण और अन्य वैधानिक कार्रवाई की गई। रिमांड अवधि पूरी होने के बाद उसे दोबारा न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भेज दिया गया। गौरतलब है कि 29 मई 2026 को एक महिला ने महिला थाना में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि उसके पति वसीम मोहम्मद ने उसके साथ शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना की। साथ ही उसके नाबालिग बेटे को कथित रूप से पाकिस्तान जिंदाबाद और हिंदुस्तान मुर्दाबाद जैसे भारत विरोधी नारे सिखाए। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला काफी चर्चित हुआ था।



शिकायत के आधार पर पुलिस ने की धारा 85, 351, 152 और 197 तथा छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम, 1968 की धारा 4 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की। मामले की जांच वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन और डीएसपी उन्नति ठाकुर के पर्यवेक्षण में पुसौर थाना प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह बैस को सौंपी गई है। जानकारी के मुताबिक 43 वर्षीय वसीम मोहम्मद निवासी जोगीडीपा पहले से ही लगभग छह किलो गांजा बरामदगी के एनडीपीएस प्रकरण में गिरफ्तार होकर जिला जेल में न्यायिक अभिरक्षा में बंद है। इसी बीच शिकायतकर्ता महिला का एक नया वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वीडियो में महिला कहती है कि उसने अपने पति द्वारा मारपीट किए जाने से आक्रोशित होकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। अब उसे अपनी गलती का एहसास है और वह अपने पति से माफी मांग रही है। महिला ने यह भी कहा कि उसे अपने पति से अब कोई शिकवा.शिकायत नहीं है और वह उसके साथ रहना चाहती है। पीड़िता का यह वीडियो सामने आने के बाद मामले को लेकर एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। महिला का कहना है कि उसने गुस्से में शिकायत दर्ज कर दी थी। अब उसे अपनी गलती का एहसास हुआ है और अब वह अपने पति के साथ रहना चाहती है।

### तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर, युवक घायल

**रायगढ़।** खरसिया थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार अर्टिगा कार की टक्कर से एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाकर दुर्घटना करने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, ग्राम परसकोल निवासी हीरालाल श्रीवास ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि 9 जुलाई की सुबह करीब 9 बजे उसका बड़ा भाई किशन श्रीवास अपनी सीडी डीलक्स मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 13 एन 5672 से परसकोल से बरगढ़ की ओर किसी काम से जा रहा था। इसी दौरान ग्राम उल्दा मेन रोड पर सामने से आ रही अर्टिगा कार क्रमांक सीजी 11 बीएस 0794 के चालक ने कथित रूप से तेज एवं लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी।

## विवाद में महिला पर डंडे से हमला, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




**खास बात**

- सरकारी भूमि पर कब्जे को लेकर हुआ विवाद

कापू थाना क्षेत्र में खेत की मेड़ पर सब्जी लगाने को लेकर हुए विवाद में महिला और उसके पति के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। विवाद के दौरान महिला के सिर पर बांस के डंडे से हमला किया गया, जबकि बीच-बचाव करने आए उसके पति से भी मारपीट की गई।

पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम सोनपुर देरपानी निवासी शकुंतला यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पति रोहित कुमार वर्ष 2018 से गांव की एक शासकीय भूमि पर कब्जा कर खेती-बाड़ी और निवास कर रहे हैं। 11 जुलाई की सुबह करीब 9 बजे उनके खेत की मेड़ पर मकुंदो यादव, निधिराम यादव, गुलचंद यादव और मनोहर यादव सब्जी लगा रहे थे। इस पर रोहित कुमार ने उन्हें ऐसा करने से मना किया। इसी बात से नाराज होकर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी दी। गुलचंद यादव ने बांस के डंडे से शकुंतला यादव के सिर पर वार कर दिया, जिससे उसे चोट आई। वहीं बीच-बचाव करने पहुंचे उसके पति रोहित कुमार के साथ भी मनोहर यादव और मकुंदो यादव ने हाथ-मुक्कों से मारपीट की। घटना को उनके बेटे पंकज कुमार यादव और परमानंद यादव ने देखा तथा बीच-बचाव किया। कापू पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर चारों आरोपियों के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज, धमकी और अन्य संबंधित धाराओं में अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

### मिडिल स्कूलों में बाल संसद चुनाव सम्पन्न, पीएम सहित पांच पदों के लिए मतदान

# पीएम उम्मीदवार को मिला डस्टर चुनाव चिन्ह, मिली जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



विकासखंड रायगढ़ के पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में बच्चों को लोकतंत्र की कार्यप्रणाली से व्यवहारिक रूप से परिचित कराने के उद्देश्य से एक जुलाई से संचालित बाल संसद गठन प्रक्रिया का शनिवार को गुप्त मतदान के साथ सफल समापन हुआ।

विद्यालयों में लोकतंत्र का उत्सव देखने को मिला, जहां विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह, अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग कर प्रधानमंत्री सहित पाँच प्रमुख पदों के लिए अपने प्रतिनिधियों का चयन किया। बाल संसद के गठन के लिए प्रधानमंत्री, शिक्षा मंत्री, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री, पर्यावरण एवं संस्कृति मंत्री तथा खेल मंत्री के पदों पर मतदान कराया गया। चुनाव प्रक्रिया को पूरी तरह लोकतांत्रिक स्वरूप देने के लिए प्रत्याशियों को पुस्तक, कलम, डस्टर, थर्मस सहित विभिन्न चुनाव चिन्ह आवंटित किए गए। मतदान से पूर्व प्रत्याशियों ने अपने घोषणा पत्र प्रस्तुत करते हुए विद्यालय में अनुशासन, स्वच्छता, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने जैसे संकल्प विद्यार्थियों के समक्ष रखे। मतदान के दौरान विद्यालयों में वास्तविक चुनाव जैसा वातावरण देखने को मिला। प्रधान पाठक एवं शिक्षक निर्वाचन आयोग की भूमिका निभाते हुए पूरी प्रक्रिया को निष्पक्षए पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराते रहे। चुनाव की पारदर्शिता और सुव्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करने के लिए संकुल शैक्षणिक समन्वयक तथा संकुल प्राचार्य भी विभिन्न विद्यालयों में उपस्थित रहकर सतत निगरानी करते रहे। विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय पटेल ने कहा कि बाल संसद केवल प्रतिनिधियों के चयन की प्रक्रिया नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों, नेतृत्व क्षमता, उत्तरदायित्व, संवाद कौशल तथा सामूहिक निर्णय लेने की समझ विकसित करने का सशक्त माध्यम है। इस पूरी प्रक्रिया के माध्यम से बच्चों ने लोकतंत्र को केवल पुस्तकों में पढ़ा ही नहींए बल्कि उसे व्यवहार में भी आत्मसात किया। बीआरसीसी मनोज अग्रवाल ने बाल संसद चुनाव के सफल आयोजन पर सभी प्रधान पाठकों, शिक्षकों, संकुल शैक्षणिक समन्वयकों एवं संकुल प्राचार्यों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालयों में इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों को जिम्मेदार, जागरूक और सक्रिय नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करती हैं।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI RAIGARH
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
उड़ीसा रोड़ , काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)
89595-93923 • 89595-44444




# आज ज़ी सिनेमा पर 'मावीरन' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर...

**मुंबई।** ज़ी सिनेमा पर अभिनेता शिवकार्तिकेयन अभिनीत सुपरहिट एक्शन-फैंटेसी फिल्म मावीरन का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर आज 12 जुलाई को रात आठ बजे होगा। निर्माताओं ने बताया कि निर्देशक मैडोना अश्विन की फिल्म मावीरन एक्शन, कॉमेडी, फैंटेसी और भावनाओं का अनूठा संगम है। फिल्म की कहानी सत्या नामक एक कार्टूनिस्ट के इर्द-गिर्द घूमती है, जो टकराव से बचने वाला साधारण युवक है। एक हादसे के बाद उसे एक रहस्यमयी आवाज़ सुनाई देने लगती है, जो उसके जीवन की दिशा बदल देती है। इसके बाद वह अपने भीतर छिपे साहस को पहचानते हुए एक भ्रष्ट नेता के खिलाफ बेबस लोगों के लिए न्याय की लड़ाई लड़ता है।

## लाइफ Style

# प्रियंका 'द साइकिल ऑफ लव' का ट्रेलर जारी

प्रियंका चोपड़ा ने अपनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'द साइकिल ऑफ लव' का ट्रेलर जारी किया है। वह फिल्म से बतौर कार्यकारी निर्माता जुड़ी हैं, जबकि इसका निर्देशन ऑरलैंडो वॉन आइन्सीडेल ने किया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्रियंका चोपड़ा ने अपनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'द साइकिल ऑफ लव' का ट्रेलर जारी किया है। वह फिल्म से बतौर कार्यकारी निर्माता जुड़ी हैं, जबकि इसका निर्देशन ऑरलैंडो वॉन आइन्सीडेल ने किया है। इसकी कहानी 1970 के दशक में घटित दिल्ली के रहने वाले 23 वर्षीय कलाकार पीके महानंदिया पर आधारित है, जो सच्चे प्यार की तलाश में भारत से स्वीडन तक 6,000 मील की यात्रा पर साइकिल से निकले थे। ये सेकंड-हैंड साइकिल उन्होंने अपनी पेंटिंग्स बेचकर खरीदी थी। प्रियंका ने लिखा, 'जब मैंने पहली बार उस यात्रा की कहानी सुनी पीके महालंदिया प्यार के लिए महाद्वीपों की साइकिल यात्रा की कहानी सुनकर मैं दंग रह गई। ये उन दुर्लभ, अविश्वसनीय सच्ची कहानियों में से एक है जो लंबे समय तक आपके मन में रहती है।' उन्होंने निर्देशक का आभार जताते हुए लिखा, 'ये फिल्म आशा और अपने दिल की बात मानने के साहस की एक गहरी मानवीय कहानी है। मुझे आपके साथ ट्रेलर साझा करके खुशी हो रही है।' अभिनेत्री ने आगे लिखा, 'फिल्म 28 अगस्त को अमेरिका और 18 सितंबर को ब्रिटेन में रिलीज होगी। जल्द अन्य अंतरराष्ट्रीय रिलीज तारीखों की घोषणा होगी।



## हॉलीवुड मसाला



# शादी के बाद पहली बार दिखे

**लॉस एंजिल्स।** कैलिफोर्निया में जुजू स्मिथ-शस्टर की शादी हुई, जहां टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्सी शादी के बाद पहली बार पति-पत्नी के रूप में एक साथ किसी बड़े कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान टेलर स्विफ्ट गुलाबी फूलों वाले एक बेहद खूबसूरत बॉल गाउन में नजर आईं, जिसने सबका ध्यान खींचा। वहां टेलर स्विफ्ट ने अपनी शादी की अंगूठी भी दिखाई, वहीं ट्रैविस केल्सी क्लासिक ग्रे सूट में काफी हैंडसम लग रहे थे। इसी महीने की शुरुआत में शादी के बंधन में बंधने के बाद ये इस नई शादीशुदा जोड़ी की पहली बड़ी सार्वजनिक उपस्थिति थी।




# 'ड्यूनः पार्ट 3' का धमाकेदार ट्रेलर जारी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'ड्यूनः पार्ट 3' इस साल बॉक्स ऑफिस पर तबाही मचाने के लिए तैयार है। डेनिस विलेन्यूव द्वारा निर्देशित फिल्म से टिमोथी चालमेट, जेंडाया और रॉबर्ट पैटिनसन की पहली आधिकारिक झलक पहले ही जारी हो चुकी थी। अब निर्माताओं ने फिल्म का धमाकेदार ट्रेलर जारी कर दिया है, जो ब्रह्मांड के सबसे खूंखार युद्ध का संकेत देता है। साइंस-फिक्शन से भरपूर यह इस फ्रैंचाइजी की तीसरी और आखिरी कड़ी है, जिसमें दमदार वीएफएक्स शामिल है। 'ड्यूनः पार्ट 3' की कहानी 17 साल आगे से शुरू होती है। इस बार पॉल एट्रीडेस (टिमोथी) के सामने रूप बदलने वाला खलनायक स्काइटेल (रॉबर्ट) खड़ा है। वह उसके साम्राज्य ध्वस्त करना चाहता है। उधर, पॉल और चानी (जेंडाया) के रिश्ते में दूरियां आ चुकी हैं।



# 'गोलमाल 5' में धमाल मचाएंगी प्रियामणि

**मुंबई।** रोहित शेट्टी एक बार फिर 'गोलमाल' फ्रैंचाइजी की दुनिया में कदम रख चुके हैं। इस सुपरहिट फिल्म की 5वीं किस्त के साथ अजय देवगन और उनकी पूरी पलटन लौटने के लिए तैयार है। काफी समय से चर्चा थी कि इस बार निर्माता फिल्म में महिला अभिनेत्री को शामिल नहीं करेंगे और यह पूरी तरह से पुरुष प्रधान फिल्म होगी। अब फिल्म पर आई हालिया जानकारी पिछले दावे से पूरी तरह उलट है, क्योंकि एक अभिनेत्री इसमें शामिल हो गई हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 'गोलमाल 5' से अभिनेत्री प्रियामणि का नाम जुड़ चुका है। 'फैमिली मैन' और 'आर्टिकल 370' जैसी फिल्मों व सीरीज से चर्चा बटोरने वालीं अभिनेत्री फिल्म में एक नकारात्मक किरदार निभाती हुई दिखाई देंगी।



# रामायण का ट्रेलर 24 को होगा रिलीज

**मुंबई।** निर्माता नमित मल्होत्रा की बहुप्रतीक्षित फिल्म रामायणम का ट्रेलर 24 जुलाई को दुनिया भर में रिलीज किया जाएगा। मेकर्स ने सोशल मीडिया के माध्यम से इसकी आधिकारिक घोषणा करते हुए कहा कि फिल्म का ट्रेलर वैश्विक स्तर पर एक साथ प्रीमियर होगा। फिल्म का निर्देशन नितेश तिवारी ने किया है। इसमें रणबीर कपूर भगवान राम, साई पल्लवी सीता, यश रावण, सनी देओल हनुमान और रवि दुबे लक्ष्मण की भूमिका में नजर आएंगे। इसका पहला भाग दिवाली 2026 और दूसरा भाग दिवाली, 2027 में सिनेमाघरों में प्रदर्शित किया जाएगा। मेकर्स के अनुसार, दो भागों में बनाई जा रही इस महागाथा का उद्देश्य भारत के सबसे प्रतिष्ठित महाकाव्यों में से एक रामायण को भव्य सिनेमाई प्रस्तुति, भावनात्मक गहराई और अत्याधुनिक विजुअल इफेक्ट्स के साथ वैश्विक दर्शकों तक पहुंचाना है।

## टीवी मसाला

# जेब खर्च के खातिर किया छोटा-मोटा काम, 'स्प्लिट्सविला' ने चमका दी किस्मत

**नई दिल्ली।** एक्टर पारस छाबड़ा ने टीवी की दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। आज भले ही वे बड़ा नाम बन चुके हैं, लेकिन उनकी किस्मत का सितारा चमका था साल 2012 में आए शो 'स्प्लिट्सविला 5' से।



शो ने दिल्ली के लड़के को देखते ही देखते घर-घर में मशहूर कर दिया। पारस छाबड़ा ने न सिर्फ शो में अपना जलवा बिखेरा, बल्कि आकांक्षा पोपली के साथ मिलकर सीजन की ट्रॉफी भी अपने नाम की थी। एक जीत ने उनके लिए ग्लैमर वर्ल्ड के सारे दरवाजे हमेशा के लिए खोल दिए। पारस का बचपन सामान्य नहीं था। उन्होंने बहुत छोटी उम्र में ही अपने पिता को खो दिया था। उनकी मां रूबी छाबड़ा ने अकेले ही बेहद मुश्किल हालातों में उनकी परवरिश की। मां के इसी स्ट्रगल को देखकर पारस के अंदर भी कुछ बड़ा करने की जिद पैदा हुई। कॉलेज की पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने मॉडलिंग में हाथ आजमाना शुरू कर दिया था। उन्होंने शुरुआती दिनों में जेबखर्च के लिए कई छोटे-मोटे काम भी किए उन्हें धीरे-धीरे विज्ञापनों में काम मिलने लगा।

*'बिग बॉस 13' साबित हुआ टर्निंग प्वॉइंट :* पारस ने 'स्प्लिट्सविला 5' की कामयाबी के बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। वे 'वी द सीरियल' में दिखे और साल 2015 में दोबारा 'स्प्लिट्सविला 8' का हिस्सा बने। उन्होंने टीवी सीरियल्स का रुख किया और 'बढ़ो बहू', 'आरंभ', 'कलीरें' और 'अघोरी' जैसे शोज में अपनी एक्टिंग का दम दिखाया। 'विघ्नहर्ता गणेश' सीरियल में निभाया गया उनका रावण का किरदार दर्शकों को खूब पसंद आया। लेकिन उनके करियर का सबसे बड़ा टर्निंग पॉइंट साल 2019 में आया, जब उन्होंने 'बिग बॉस 13' में एंट्री ली। वे शो में टॉप 6 तक पहुंचे और फिनाले के दिन 10 लाख का सूटकेस लेकर शो से बाहर आ गए।

# सिद्धार्थ की फिल्म 'वन' की बदली रिलीज तारीख


**मुंबई।** सिद्धार्थ मल्होत्रा की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वन- फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' अब 28 अगस्त को नहीं आएगी। निर्माता बालाजी मोशन पिक्चर्स ने एक मोशन पोस्टर जारी करते हुए इसकी नई रिलीज तारीख का ऐलान किया है। दीपक मिश्रा और अरुणभ कुमार द्वारा निर्देशित यह फिल्म पहले रक्षाबंधन के अवसर पर सिनेमाघरों में आनी थी। चूंकि उसी हफ्ते में श्रद्धा कपूर की 'ईथा' और यश की 'टॉक्सिक' रिलीज हो रही हैं। इस टकराव से बचने के लिए ये फैसला लिया गया है। निर्माता एकता कपूर ने 'वन' का एनिमेटेड मोशन पोस्टर जारी किया है, जिसमें त्रिशूल लिए एक व्यक्ति खूंखार बाघ और नंदी से घिरा हुआ है। उसके चारो ओर बिजली की कड़क दिखाई गई है। पोस्ट के साथ कैप्शन दिया गया, 'बाघ की दहाड़ है... नंदी उसकी शक्ति है। और वन... उसकी कहानी।' फिल्म में सिद्धार्थ के साथ तमन्ना भाटिया मुख्य किरदार में हैं। यह अब 25 सितंबर, 2026 को सिनेमाघरों में आएगी। इसके बाद अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक देगी।



# राजकुमार राव की कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने तैयार...

**मुंबई।** अभिनेता राजकुमार राव के अभिनेय के लोग दीवाने हैं। अब वह एक बार फिर कई बड़े प्रोजेक्ट्स के साथ बड़े पर्दे पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। उनकी करीब 6 आगामी फिल्में चर्चा में हैं, जिनमें से 2 इसी साल रिलीज होंगी, जबकि 4 फिल्में 2027 में सिनेमाघरों में दस्तक देंगी। फैंस के बीच उनकी आने वाली फिल्मों को लेकर जबरदस्त उत्साह है। ऐसे में आइए देखते हैं राजकुमार की आने वाली फिल्मों की पूरी सूची।

*'प्रहार- द उज्ज्वल निकम स्टोरी' और 'रफ्तार':* कोर्टरूम ड्रामा फिल्म 'प्रहार- द उज्ज्वल निकम स्टोरी' इस साल 7 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में राजकुमार के साथ-साथ वमिका गब्बी, जयदीप अहलावत और सिकंदर खेर भी मुख्य किरदार में हैं। राजकुमार की थ्रिलर फिल्म 'रफ्तार' इसी साल 16 अक्टूबर को रिलीज होगी। इस फिल्म में राजकुमार के साथ कीर्ति सुरेश, अनुराग ठाकुर, रोहन वर्मा, तान्या मानिकतला और रजत कपूर मुख्य भूमिका में हैं।



*'दादा- द सौरव गांगुली स्टोरी' और 'भेड़िया 2' :* भारतीय क्रिकेटर सौरव गांगुली की बायोपिक फिल्म 'दादा- द सौरव गांगुली स्टोरी' 14 मई, 2027 में रिलीज होगी। विक्रमादित्य मोटवानी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में राजकुमार मुख्य किरदार में दिखाई देंगे। मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की फिल्म 'भेड़िया 2' साल 2027 तक रिलीज हो सकती है। इस फिल्म में वरुण धवन मुख्य किरदार में नजर आएंगे। वहीं राजकुमार एक कैमियो भूमिका में दिखाई देंगे।

*'स्त्री 3' और 'छोटी स्त्री' :* हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'स्त्री' के दोनों पार्ट के हिट होने के बाद अब निर्माता इसका तीसरा पार्ट बनाने जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह फिल्म 2027 में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में राजकुमार और श्रद्धा कपूर साथ नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एनिमेटेड स्पिन-ऑफ फिल्म 'छोटी स्त्री' आने वाली है। इस फिल्म में राजुकार और श्रद्धा नजर आ सकते हैं। हालांकि, मेकर्स ने इसका इसकी रिलीज की तारीख और कास्ट का खुलासा नहीं किया है।

# सनी देओल की इन फिल्मों ने की थी खूब कमाई, जीत लिए थे सबके दिल

***मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता सनी देओल अपनी दमदार अदाकारी और एक्शन फिल्मों के लिए मशहूर हैं। उनकी लीगल कोर्टरूम ड्रामा 'इक्का' अब नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। अगर आप इस फिल्म को देखने की योजना बना रहे हैं, तो उससे पहले सनी की उन सुपरहिट फिल्मों पर भी नजर डालिए, जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया और करोड़ों की कमाई कर दर्शकों का दिल जीत लिया था।*

## 'गदर 2' और 'गदरः एक प्रेम कथा'

सनी की सबसे कमाऊ फिल्मों की सूची में सबसे पहला नाम 'गदर 2' का है, जो 2023 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने 686 करोड़ रुपये की जबरदस्त कमाई की थी। इस फिल्म में सनी के साथ-साथ अमीषा पटेल भी मुख्य भूमिका में थीं। 'गदरः एक प्रेम कथा' का नाम इस सूची में दूसरे नंबर पर है। ये साल 2001 में रिलीज हुई थी। इसने उस समय दुनियाभर में 132.6 करोड़ रुपये की कमाई की थी।



## 'जाट' और 'यमला पगला दीवाना'

एक्शन-ड्रामा फिल्म 'जाट' साल 2025 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कुल 126 करोड़ की कमाई की थी। फिल्म में सनी के अलावा रणदीप हुड्डा भी मुख्य भूमिका में थे। कॉमेडी फिल्म 'यमला पगला दीवाना' 2011 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 88.55 करोड़ रुपये की कमाई की थी। इस फिल्म में सनी के साथ-साथ उनके दिवंगत पिता धर्मेंद्र और बॉबी देओल भी थे।

## 'बॉर्डर'

निर्देशक जेपी दत्ता के निर्देशन में बनी फिल्म 'बॉर्डर' (1997) भारतीय सिनेमा की सबसे बेहतरीन और ऐतिहासिक देशभक्ति फिल्मों में से एक है। यह फिल्म 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान हुई 'लोंगेवाला की लड़ाई' पर आधारित है। फिल्म में सनी देओल ने मेजर कुलदीप सिंह चांदपुरी का यादगार और दमदार किरदार निभाया था। उनके साथ सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ और अक्षय खन्ना जैसे कलाकारों ने भी शानदार अभिनय किया। इसने 64.98 करोड़ रुपये की रिकॉर्डतोड़ कमाई की थी।

# 'धमाल 4' के आगे 'अल्फा' ने टेके घुटने 2 करोड़ रुपए कमाने में भी छूटे पसीने...

***मुंबई।** बॉक्स ऑफिस पर इस शुक्रवार यानी 10 जुलाई को अजय देवगन की कॉमेडी फिल्म 'धमाल 4' रिलीज हुई। फिल्म ने सिनेमाघरों में आते ही तहलका मचा दिया है। भले ही फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली, लेकिन पहले दिन कमाई के मामले में इसने बाजी मार ली है। आलम ये है कि फिल्म के आगे आलिया भट्ट और शरवरी वाघ की एक्शन-थ्रिलर 'अल्फा' पूरी तरह पस्त हो गई है। आइए जानें दोनों फिल्मों की कमाई।*

## 'धमाल 4' ने पहले दिन कमाए इतने करोड़

'धमाल 4' ने रिलीज के पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है। फिल्म ने पहले ही दिन 10 करोड़ से ज्यादा की कमाई की है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, इस कॉमेडी फिल्म ने रिलीज के पहले दिन 13.75 करोड़ रुपये के साथ अपना खाता खोला है। इंद्र कुमार के निर्देशन में बनी 'धमाल 4' में रितेश देशमुख, अरशद वारसी, जावेद जाफरी, संजय मिश्रा, रवि किशन, अंजलि आनंद, ईशा गुप्ता और संजीदा शेख भी अहम भूमिका में हैं।




## 'धमाल 4' की आंधी में उड़ी 'अल्फा'

'धमाल 4' के रिलीज होते ही आलिया भट्ट की स्पाई थ्रिलर 'अल्फा' की कमाई को बड़ा झटका लगा है। पहले हफ्ते में 47.45 करोड़ कमाने वाली ये फिल्म अपने आठवें दिन (दूसरे शुक्रवार) बॉक्स ऑफिस पर पस्त नजर आई। फिल्म आठवें दिन 2 करोड़ भी नहीं कमा सकी और महज 1.65 करोड़ रुपये पर सिमट गई। इसके साथ ही 'अल्फा' का 8 दिनों का कुल कारोबार 49.10 करोड़ रुपये हो गया है।

# धनुष और वेत्रिमारन की ब्लॉकबस्टर जोड़ी की वापसी, 'तमिल मुरुगन' का पहला प्रोमो रिलीज



**मुंबई।** साउथ सिनेमा के सुपरस्टार धनुष ने निर्देशक वेत्रिमारन के साथ अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'तमिल मुरुगन' का पहला प्रोमो जारी कर दिया है। इस प्रोमो के सामने आने के बाद से ही फैंस के बीच फिल्म को लेकर उत्सुकता काफी बढ़ गई है। ये फिल्म अरिवुमथी की एक चर्चित किताब पर आधारित है, जो तमिल इतिहास के एक बेहद महान और शक्तिशाली नेता की कहानी को बयां करती है। इस ऐतिहासिक नायक का विशेष जिक्र तमिलों के प्राचीन संगम साहित्य में भी मिलता है। इन फिल्मों में साथ काम कर चुके धनुष और वेत्रिमारन साउथ सिनेमा के सुपरस्टार धनुष और दिग्गज निर्देशक वेत्रिमारन एक बार फिर इतिहास दोहराने के लिए तैयार हैं। ये पांचवीं बार है, जब ये सुपरहिट जोड़ी किसी फिल्म के लिए एक साथ आई है। इससे पहले यह जोड़ी 'पोलधवन', 'आदुकलम', 'वडा चेन्नई' और 'असुरन' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में दे चुकी है, जिन्होंने न सिर्फ बॉक्स ऑफिस पर कमाई की, बल्कि राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी अपने नाम किए।

## खबर संक्षेप

### उत्कर्ष योजना के तहत मेरिट सूची जारी, काउंसलिंग 14 को

**अम्बिकापुर।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, रायपुर द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आयोजित चयन परीक्षा की अंतिम मेरिट सूची जारी कर दी गई है। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि योजना के अंतर्गत चयन परीक्षा का आयोजन 5 जुलाई को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक प्रयास आवासीय विद्यालय, घंघरी, अम्बिकापुर में किया गया था। परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात अभ्यर्थियों को 9 जुलाई को सायं 3 बजे तक दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया था, लेकिन निर्धारित अवधि में कोई भी दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं हुई। दावा-आपत्ति की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद वरियता के आधार पर अंतिम मेरिट सूची जारी कर दी गई है। अभ्यर्थी यह सूची कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, अम्बिकापुर के सूचना पटल तथा सरगुजा जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। अंतिम मेरिट सूची के अनुसार अनुसूचित जाति वर्ग के 1 विद्यार्थी एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के शीर्ष 40 विद्यार्थियों की काउंसलिंग 14 जुलाई को प्रातः 10.30 बजे से कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, अम्बिकापुर में आयोजित की जाएगी।

### वेतन निर्धारण, पेंशन प्रकरणों के निराकरण हेतु शिविर 22 को

**बलरामपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के निर्देशन में लंबित वेतन निर्धारण, पेंशन एवं समयमान प्रकरणों के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से 22 जुलाई को संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में संयुक्त संचालक, कोष लेखा एवं पेंशन, अम्बिकापुर की उपस्थिति में लंबित प्रकरणों का परीक्षण कर उनका निराकरण किया जाएगा। शिविर के माध्यम से कर्मचारियों एवं पेंशनरों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। जिला कोषालय अधिकारी ने संबंधित कर्मचारियों, पेंशनरों एवं कार्यालय प्रमुखों से आह्वान किया है कि वे अपने लंबित वेतन निर्धारण, पेंशन एवं समयमान से संबंधित प्रकरणों के आवश्यक दस्तावेजों सहित निर्धारित तिथि एवं समय पर शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का निराकरण अवश्य कराएं।

### संदिग्ध दस्तावेजों पर मेडिकल एजेंसी का लाइसेंस निरस्त

**सूरजपुर।** औषधि अनुज्ञप्ति प्राप्त करने के लिए संदिग्ध दस्तावेज प्रस्तुत करने के मामले में प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए मेसर्स आर.डी. लक्ष्मी मेडिकल एजेंसी, भैयाथान रोड, सूरजपुर का लाइसेंस निरस्त कर दिया है। जानकारी के अनुसार, राधेश्याम गुप्ता द्वारा प्रस्तुत शिकायत पत्र के माध्यम से उक्त मेडिकल एजेंसी के विरुद्ध संदिग्ध दस्तावेजों के आधार पर औषधि लाइसेंस प्राप्त करने की शिकायत कार्यालय को प्राप्त हुई थी। शिकायत के आधार पर संबंधित प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए विभाग द्वारा सभी अभिलेखों, शिकायत आवेदन तथा उपलब्ध दस्तावेजों का विस्तृत परीक्षण किया गया। जांच के दौरान मेसर्स आरडी लक्ष्मी मेडिकल एजेंसी को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया था। फर्म द्वारा प्रस्तुत उत्तर, विभिन्न विभागीय अधिकारियों के अभिमत एवं प्रतिवेदन के सम्यक परीक्षण के उपरांत यह पाया गया कि प्रकरण में अनियमितताएं पाई गई हैं।

---

शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, महिला सशक्तिकरण और आधारभूत सुविधाओं के माध्यम से ग्रामीण विकास का सशक्त मॉडल बना रायगढ़

# अदाणी पावर लिमिटेड एवं फाउंडेशन ने बदली रायगढ़ के गांवों की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अदाणी पावर लिमिटेड की सामाजिक उत्तरदायित्व इकाई अदाणी फाउंडेशन रायगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र एवं सतत विकास का नया अध्याय लिख रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण, आजीविका संवर्धन, खेल, पर्यावरण संरक्षण एवं ग्रामीण अधोसंरचना के क्षेत्र में संचालित बहुआयामी विकास कार्यों ने हजारों परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। अदाणी फाउंडेशन की पहलें आज केवल CSR कार्यक्रम नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास के एक प्रभावी, समावेशी एवं परिणामोन्मुख मॉडल के रूप में स्थापित हो रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर कनेक्टिविटी और आधारभूत सुविधाओं के लिए अदाणी फाउंडेशन ने 9.87 किलोमीटर सीसी सड़क, 10 सामुदायिक शेड तथा 745 मीटर आरसीसी नालियों का निर्माण कराया है। बड़े भंडार, सरवानी, अमलीभौना, कोटमारा, सुपा एवं टपरदा के शासकीय विद्यालयों में 6 आधुनिक शौचालय ब्लॉक बनाए गए हैं, जिससे 500 से अधिक विद्यार्थियों, विशेषकर छात्राओं को स्वच्छ एवं सुरक्षित सुविधाएं मिली हैं। बड़े भंडार एवं चंद्रपुर के विद्यालयों के नवीनीकरण से 545 विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षण वातावरण प्राप्त हुआ है।

### शिक्षा में आधुनिकता और गुणवत्ता का समावेश

अदाणी फाउंडेशन की "उत्थान परियोजना" के अंतर्गत 34 विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं अधोसंरचना विकास पर कार्य किया जा रहा है। 22 विद्यालयों में बिल्डिंग एंड लर्निंग एड बाला पेंटिंग के माध्यम से लगभग 1,200 विद्यार्थियों के लिए गतिविधि आधारित शिक्षण वातावरण तैयार किया गया है। 40 विद्यालयों में डिजिटल स्मार्ट क्लासरूम स्थापित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त 36 से अधिक विद्यालयों में डेस्क-बेंच, स्मार्ट टीवी, स्कूल बैग, स्वेटर, स्टेशनरी एवं अध्ययन सामग्री वितरित कर 5 हजार से अधिक विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष लाभ पहुंचाया गया है।






### ग्रामीण विकास का सशक्त और स्थाई मॉडल

अदाणी फाउंडेशन की ये पहलें केवल सीएसआर गतिविधियां नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन, आत्मनिर्भरता और समावेशी विकास की एक सशक्त यात्रा हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और आधारभूत सुविधाओं के क्षेत्र में किए जा रहे ये प्रयास रायगढ़ के ग्रामीण अंचलों को नई पहचान दे रहे हैं। अदाणी पावर लिमिटेड एवं अदाणी फाउंडेशन भविष्य में भी समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने की अपनी प्रतिबद्धता के साथ इसी प्रकार कार्य करते रहेंगे।

### रोजगार से जोड़ रहा कौशल विकास

सुपा स्थित अदाणी स्किल डेवलपमेंट सेंटर (**ASDC**) के माध्यम से स्थानीय युवाओं को रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वर्तमान में 60 युवा विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, जिनके लिए 100 प्रतिशत प्लेसमेंट सहायता उपलब्ध कराई जाती है। इसके अलावा 13 भू-प्रभावित युवाओं को निःशुल्क आईटीआई प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया है। सिलाई प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से 100 से अधिक महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया है, जिनमें से 50 से अधिक महिलाएं स्कूल यूनिफॉर्म एवं अन्य परिधानों का निर्माण कर 3.5 लाख रुपये से अधिक की आय अर्जित कर चुकी हैं। इसके अतिरिक्त 200 से अधिक महिलाओं को कृषि, मशरूम उत्पादन, टेराकोटा, ब्यूटी पार्लर एवं अन्य स्वरोजगार गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। इन पहलों से महिलाओं ने टमाटर उत्पादन से 18 लाख रुपये, मशरूम उत्पादन से 5 लाख रुपये तथा टेराकोटा कार्य से 1.5 लाख रुपये से अधिक की आय अर्जित की है।

### पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रभावी पहल

स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 34 विद्यालयों में सौर ऊर्जा आधारित सोलर पैनल स्थापित किए गए हैं। विभिन्न गांवों में सोलर स्ट्रीट लाइट एवं हाईमास्ट लाइट लगाए गए हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा, आवागमन और सार्वजनिक सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। ग्रामीणों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न विद्यालयों एवं समुदायों में 10 आरओ जल शुद्धिकरण प्रणालियां स्थापित की गई हैं। बड़े भंडार, सुपा, छोटे भंडार एवं सरवानी में स्थापित सामुदायिक आरओ प्लांटों से 5,000 से अधिक ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो रहा है।

### एम्बुलेंस सेवा बनी ग्रामीणों की जीवनरेखा

अदाणी फाउंडेशन द्वारा प्रारंभ की गई 24×7 आपातकालीन एम्बुलेंस सेवा से आसपास के 28 गांवों के लगभग 23,500 ग्रामीणों को समय पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध हो रही है। रायगढ़ में अदाणी विद्या मंदिर एवं 40 बिस्तरों वाले आधुनिक मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल का भूमिपूजन किया गया है। अदाणी विद्या मंदिर में कक्षा 1 से 12वीं तक गुणवत्तापूर्ण एवं निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध होगी, जबकि अस्पताल ग्रामीणों को आधुनिक, सुलभ एवं किफायती स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगा।

### किसानों की आय में वृद्धि

अदाणी फाउंडेशन एवं **BAIF** के सहयोग से 26 गांवों में पशुधन विकास कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। अब तक 608 उन्नत नस्ल के बछड़ों का जन्म, 1,892 कृत्रिम गर्भाधान, 46 पशु स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से 9,250 से अधिक पशुओं का उपचार तथा 49 प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 1,970 किसानों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। दो मोबाइल हेल्थ केयर यूनिट के माध्यम से 48 गांवों में नियमित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। स्वास्थ्य शिविरों एवं विशेष चिकित्सा कार्यक्रमों से अब तक एक लाख से अधिक ग्रामीण लाभान्वित हो चुके हैं। नेत्र स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत 4,000 से अधिक लोगों की जांच की गई तथा 1,469 जरूरतमंदों को निःशुल्क पावर चश्मे वितरित किए गए।

### हरित विकास की दिशा में प्रयास

वित्तीय वर्ष 2026-27 में 5 तालाबों के गहरीकरण का कार्य प्रगति पर है, जिससे 53,025 घन मीटर अतिरिक्त जल भंडारण क्षमता विकसित होगी तथा 105 एकड़ कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी। पर्यावरण संरक्षण के तहत वर्ष 2025-26 में 5,000 पौधों का रोपण किया गया तथा वर्ष 2026-27 में 23,000 पौधे लगाने एवं 5,000 फलदार पौधों के वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय पहचान

वर्ष 2022 से अदाणी फाउंडेशन द्वारा बालिकाओं को निःशुल्क कबड्डी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अब तक 200 से अधिक बालिकाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी हैं, जिनमें 34 खिलाड़ी राज्य स्तर तथा 4 खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच चुकी हैं।

### मुख्य बिंदु

- 34 विद्यालयों में "उत्थान परियोजना" के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं अधोसंरचना विकास।
- 40 डिजिटल स्मार्ट क्लासरूम और 36 से अधिक विद्यालयों में आधुनिक शैक्षणिक सुविधाएं।
- 5 हजार से अधिक विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री एवं संसाधनों का लाभ।
- 48 गांवों में मोबाइल हेल्थ केयर यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं।
- 1 लाख से अधिक ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं एवं चिकित्सा शिविरों से लाभान्वित।
- 28 गांवों के 23,500 ग्रामीणों के लिए 24×7 एम्बुलेंस सेवा।
- 9.87 किलोमीटर सीसी सड़क, 10 सामुदायिक शेड एवं 745 मीटर आरसीसी नालियों का निर्माण।
- 10 आरओ जल शुद्धिकरण प्रणालियां एवं सामुदायिक आरओ प्लांटों से 5 हजार से अधिक ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल।
- 60 युवाओं को कौशल प्रशिक्षण एवं 100 प्रतिशत प्लेसमेंट सहायता।
- 300 से अधिक महिलाओं को स्वरोजगार एवं कौशल विकास से जोड़कर लाखों रुपये की अतिरिक्त आय सुनिश्चित।
- 26 गांवों में पशुधन विकास कार्यक्रम; 9,250 से अधिक पशुओं का उपचार एवं 1,970 किसानों को प्रशिक्षण।
- 34 विद्यालयों में सोलर पैनल तथा विभिन्न गांवों में सोलर स्ट्रीट एवं हाईमास्ट लाइट की स्थापना।
- 5 तालाबों के गहरीकरण से 53,025 घन मीटर अतिरिक्त जल भंडारण क्षमता एवं 105 एकड़ कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा।
- 23 हजार पौधरोपण एवं 5 हजार फलदार पौधों के वितरण का लक्ष्य।
- 150 आदिवासी एवं वंचित बालिकाओं के तकनीकी प्रशिक्षण हेतु 1.75 करोड़ का सीएसआर सहयोग।
- अदाणी विद्या मंदिर एवं 40 बिस्तरों वाले आधुनिक मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल की स्थापना।
- 200 से अधिक बालिकाओं को कबड्डी प्रशिक्षण; 34 राज्य स्तर एवं 4 राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी तैयार।

---

## कार व हाइवा की सीधी भिड़ंत, दो की मौत

**जशपुर।** जिले के तपकरा थाना क्षेत्र अंतर्गत लवाकेरा-जूनाडीह मोड़ पर शनिवार शाम करीब 6 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। ओडिशा से कुनकुरी आ रही एक कार की सामने से आ रहे हाइवा ट्रक से सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में कार सवार दो लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दोनों मृतक कुनकुरी के जूता-चप्पल व्यवसायी बताए जा रहे हैं। उनकी आधिकारिक पहचान पुलिस द्वारा की जानी बाकी है। दुर्घटना के बाद कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे एक शव वाहन के अंदर फंस गया। स्थानीय लोगों और पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद लोहे की रॉड की मदद से कार का गेट खोलकर शव को बाहर निकाला। इसके बाद दोनों शवों को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की गई। सूचना मिलते ही तपकरा पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी।

## जशपुर से उठी पुरानी पेंशन की आवाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन की जिला स्तरीय बैठक रविवार को जिलाध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई। बैठक का मुख्य मुद्दा प्रथम नियुक्ति तिथि से सभी शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ दिलाने तथा इस संबंध में चल रही कानूनी एवं संगठनात्मक लड़ाई को निर्णायक रूप देने का रहा।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि 10 वर्ष की सेवा पूर्ण नहीं कर पाने वाले शिक्षकों को शून्य पेंशन मिलना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं अन्यायपूर्ण है। इस व्यवस्था पर सभी पदाधिकारियों एवं शिक्षकों ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे शिक्षकों के साथ भेदभावपूर्ण नीति बताया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पुरानी पेंशन सबको पेंशन₹ के संकल्प के साथ जिले के शिक्षक सर्वोच्च न्यायालय में चल रही लड़ाई में संगठन का पूर्ण सहयोग करेंगे तथा आवश्यक सहयोग राशि भी उपलब्ध कराएंगे। साथ ही संगठन द्वारा जमीनी स्तर पर व्यापक जनजागरण अभियान चलाकर प्रत्येक विकासखंड, संकुल एवं विद्यालय स्तर तक शिक्षकों को इस आंदोलन से जोड़ा जाएगा। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में जिलाध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव ने कहा कि ₹पेंशन ही पेंशन मिलेगी तो टेंशन नहीं रहेगा।₹ उन्होंने सभी शिक्षकों से संगठन को मजबूत बनाने, प्रत्येक ब्लॉक में सक्रिय टीम तैयार करने तथा आगामी आंदोलन के लिए पूरी ताकत के साथ जुटने का आह्वान किया। बैठक में शिक्षकों से की जा रही पेंशन संबंधी भेदभावपूर्ण नीति पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए माननीय मुख्यमंत्री से प्रथम नियुक्ति तिथि से सभी शिक्षकों को समान रूप से पुरानी पेंशन योजना का लाभ प्रदान करने की मांग की गई।



### महतारी वंदन योजना से महिलाएं बनीं सक्षम

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में संचालित महतारी वंदन योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रभावी पहल साबित हो रही है। योजना के माध्यम से हर माह मिलने वाली आर्थिक सहायता से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला है। अब वे अपने छोटे-छोटे खर्चों के लिए दूसरों पर निर्भर नहीं हैं और आत्मविश्वास के साथ अपने परिवार की जिम्मेदारियों में भी सहयोग कर रही हैं। 11 जुलाई को योजना की 29वीं किस्त जारी होने के बाद कुनकुरी की महिलाओं के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। महिलाओं ने बताया कि प्रत्येक माह 10 से 12 तारीख के बीच उनके खाते में एक हजार रुपये की राशि जमा हो जाती है।

## लोकतांत्रिक मूल्यों, नेतृत्व क्षमता एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है छात्र परिषद चुनाव : चेयरमैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

उत्तम इंटरनेशनल स्कूल रायगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के अंतर्गत स्टूडेंट्स काउंसिल इलेक्शन का सफल एवं आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, उत्तरदायित्व एवं लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन गौतम चौधरी डायरेक्टर संजय चौधरी, एडमिनिस्ट्रेटर गोपाल श्रीवास एवं को ऑर्डिनेटर सुश्री जूली केशरवानी द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर किया गया।

■ उत्तम इंटरनेशनल स्कूल में स्टूडेंट्स काउंसिल इलेक्शन 2026-27 उत्साह पूर्वक संपन्न

मुख्य अतिथि एवं संस्था के चेयरमैन गौतम चौधरी ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि छात्र परिषद चुनाव विद्यार्थियों को नेतृत्व, जिम्मेदारी, अनुशासन एवं सेवा की भावना का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्यरत है। शिक्षा के साथ साथ नेतृत्व कौशलए निर्णय क्षमता एवं टीम भावना का विकास भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को निष्पक्षता, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के डायरेक्टर संजय चौधरी ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन, समर्पण एवं सकारात्मक नेतृत्व का महत्व समझाते हुए कहा कि एक सशक्त छात्र परिषद विद्यालय में सहयोग, जिम्मेदारी एवं आदर्श नेतृत्व की संस्कृति को विकसित करती है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए विजयी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दीं तथा उन्हें विद्यालय के आदर्श प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस स्टूडेंट्स काउंसिल इलेक्शन 2026-27 को सफल बनाने में विद्यालय के चेयरमैन गौतम चौधरी, डायरेक्टर संजय चौधरी, एडमिनिस्ट्रेटर गोपाल श्रीवास, सुश्री गरिमा शर्मा, चूड़ामणि साहू सर एवं समस्त शिक्षकगण एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने उत्साह, अनुशासन एवं लोकतांत्रिक भावना के साथ सहभागिता निभाई।



### तेज रफ्तार कार ने स्कूटी को मारी टक्कर, मां-बेटी घायल, चालक पर केस दर्ज

**रायगढ़।** जूटमिल थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार की टक्कर से स्कूटी सवार मां-बेटी घायल हो गए। हादसे में महिला को गंभीर चोटें आने पर अस्पताल में उसे भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाकर दुर्घटना करने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, पुसौर थाना क्षेत्र के ग्राम पुटकापुरी निवासी मेघा मालाकार, जो वर्तमान में मालीडीपा वार्ड क्रमांक 48 में किराए के मकान में रहकर शिक्षक भर्ती की तैयारी कर रही हैं। बीते 9 जुलाई को अपनी मां केकती मालाकार के साथ स्कूटी क्रमांक सीजी 10 बीएल 4636 से अपने गांव से रायगढ़ लौट रही थीं। दोपहर करीब 12 बजे मिनीमाता चौक के पास पहुंचने पर कार क्रमांक सीजी 13 एएस 3189 के चालक ने कथित रूप से तेज एवं लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही मां-बेटी स्कूटी समेत सड़क पर गिर गईं। हादसे में केकती मालाकार के दाहिने घुटने, कमर, दाहिने हाथ की कोहनी और कंधे में चोटें आईं, जबकि मेघा मालाकार के दाहिने घुटने में चोट लगी। घटना के बाद दोनों को पहले संजीवनी अस्पताल ले जाया गया, जहां से केकती मालाकार को बेहतर उपचार के लिए शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। पीड़िता की शिकायत पर जूटमिल थाना पुलिस ने कार चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाकर दुर्घटना करने का अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

## होटल जांच के दौरान पुलिस से अभद्रता भारी पड़ी, व्हाइट रोज होटल संचालक गिरफ्तार

**रायगढ़।** पुलिस के होटल जांच अभियान के दौरान व्हाइट रोज होटल के संचालक को पुलिस टीम से अभद्र व्यवहार करना महंगा पड़ गया। सुरक्षा मानकों में खामियां मिलने पर समझाइश देने पहुंची पुलिस से विवाद करने पर संचालक को प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

जिले के होटल, लॉज और गेस्ट हाउसों में सुरक्षा व्यवस्था एवं अनैतिक गतिविधियों की रोकथाम के लिए विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 10 जुलाई की शाम साइबर थाना और कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने शहर के होटल व्हाइट रोज में औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान होटल में सुरक्षा संबंधी आवश्यक व्यवस्थाओं में कमियां मिलीं। इस पर पुलिस ने होटल संचालक सूरज सिंह निवासी फटहामुड़ा को सुरक्षा मानकों में तत्काल सुधार करने की समझाइश दी। समझाइश के दौरान संचालक ने पुलिस टीम के साथ अभद्र व्यवहार शुरू कर दिया और बार-बार समझाने के बाद भी उसका आक्रामक रवैया बना रहा। इसके बाद उसे कोतवाली थाना लाया गया, जहां भी उसका व्यवहार नहीं बदला। पुलिस ने संज्ञेय अपराध होने और शांति व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए धारा 170 के तहत उसे प्रतिबंधात्मक रूप से गिरफ्तार किया। साथ ही धारा 126 एवं 135(3) के तहत इस्तगासा तैयार कर न्यायालय में पेश किया गया।



## शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर राहगीर से मारपीट, तीन बदमाश गिरफ्तार

**रायगढ़।** बड़पारा शराब भट्ठी के पास राहगीर से शराब पीने के लिए पैसे मांगकर मारपीट करने वाले तीन आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गैर जमानती धाराओं में मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया, जहां से तीनों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बेलादुला खर्राघाट निवासी बासुदेव मांझी ने 10 जुलाई को कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराया था कि तुलसी होटल के पास काम खत्म करने के बाद वह बड़पारा शराब भट्ठी के पास गुटखा लेने गया था। इसी दौरान विवेक सराफ ने उससे शराब पीने के लिए पैसे मांगे। मना करने पर विवेक ने अपने साथियों अनमोल पांडेय और शिवा सोनवानी के साथ मिलकर गाली-गलौज की, जान से मारने की धमकी दी और हाथ-मुक्कों व लात-घूंसों से मारपीट कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने तत्काल अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। थाना प्रभारी निरीक्षक सुखनंदन पटेल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दबिश देकर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विवेक सराफ 41वर्ष निवासी बाउलीकुआ, अनमोल पांडेय 19 वर्ष निवासी चिराईपानी और शिवा सोनवानी 23 वर्ष निवासी बोन्दाटिकरा के रूप में हुई है। पूछताछ में तीनों ने घटना में शामिल होना स्वीकार किया। इसके बाद पुलिस ने उन्हें न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।



TOP IN RAIGARH

GURUKRIPA COLLEGE — ADMISSION GUIDENS 2026-27 SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग ◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग ◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

**खबर संक्षेप**

## 3 वर्षीय आरव का 10 दिन में बना जाति प्रमाण पत्र

**रायगढ़।** रायगढ़ के दरोगापारा निवासी विकास कुमार पंचाल ने अपने तीन वर्षीय पुत्र आरव पंचाल का जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए नजदीकी सेवा सेतु केन्द्र के माध्यम से आवेदन किया। आवेदन के मात्र 10 दिनों के भीतर उन्हें जाति प्रमाण पत्र प्राप्त हो गया। विकास कुमार पंचाल ने बताया कि उन्होंने आवश्यक दस्तावेजों के साथ सेवा. सेतु केन्द्र में आवेदन प्रस्तुत किया था। सभी दस्तावेज पूर्ण होने के कारण निर्धारित प्रक्रिया के तहत उनका आवेदन शीघ्र निराकृत किया गया और उनके पुत्र का जाति प्रमाण पत्र समय पर जारी कर दिया गया। उन्होंने कहा कि पहले ऐसे कार्यों के लिए कई बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे, लेकिन सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से पूरी प्रक्रिया सरल, पारदर्शी और सुविधाजनक हो गई है।

## पास आमने-सामने भिड़े दो ट्रक दोनों पक्षों पर अपराध दर्ज

**रायगढ़।** छाल थाना क्षेत्र में ग्राम हाटी और पुरूगा के बीच निर्माणाधीन ओवरब्रिज के पास दो ट्रकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों ट्रकों के चालक घायल हो गए, जबकि दोनों वाहनों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के चालक पर तेज व लापरवाही से वाहन चलाकर दुर्घटना करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों शिकायतों पर अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार 9 जुलाई की तड़के करीब 3:15 बजे ग्राम हाटी और पुरूगा के बीच निर्माणाधीन ओवरब्रिज के पास 16 चक्का ट्रक क्रमांक सीजी 08 एडब्ल्यू 9977 और 14 चक्का ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीसी 2471 की आमने-सामने टक्कर हो गई। 16 चक्का ट्रक का चालक बालौदाबाजार-भाटापारा जिले के ग्राम खरवे निवासी भालचंद साहू अकलतरा से सीमेंट लोड कर जशपुर के सन्ना जा रहा था। इसी बीच सामने से आ रहे 14 चक्का ट्रक के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसके ट्रक को टक्कर मार दी। हादसे में भालचंद साहू के बाएं हाथ, छाती और दोनों पैरों में चोटें आईं तथा ट्रक का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। दूसरी ओर, कोरबा जिले के ग्राम खरमोरा निवासी ट्रांसपोर्टर सुदर्शन मेहता ने भी छाल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। दुर्घटना में उनके चालक पवन कुमार के दाहिने पैर, जांघ और माथे में चोट आई है।

**श्रद्धांजलि**

## किरोड़ी तायल

**घरघोड़ा।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं समाजसेवी स्वर्गीय किरोड़ी तायल के आकस्मिक निधन पर नगर पंचायत घरघोड़ा के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौधरी ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। अपने शोक संदेश में अध्यक्ष श्री चौधरी ने कहा कि कुछ लोग जीवन से नहीं अपने व्यवहार और सेवा से अमर हो जाते हैं। स्वर्गीय किरोड़ी तायल का स्नेह, सरलता और समाज के प्रति समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा। उनका निधन घरघोड़ा नगर के लिए अपूरणीय क्षति है।



### एसएसपी ने पीपल का पौधा लगाकर किया शुभारंभ

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर पुलिस का एकता पौधरोपण अभियान प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर पुलिस ने एकता पौधरोपण अभियान की शुरुआत की। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर आयोजित इस अभियान के तहत जिला मुख्यालय सहित जिले के सभी थाना एवं चौकियों में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने पौधरोपण कर राष्ट्रीय एकता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

जिला मुख्यालय स्थित पुलिस फायरिंग रेंज उर्दना में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने पीपल का पौधा लगाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सोनी, डीएसपी उन्नति ठाकुर, डीएसपी सुशांतो बनर्जी, रक्षित निरीक्षक अमित सिंह, नगर पुलिस अधीक्षक सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने नीम, जामुन, सागौन सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। पुलिस विभाग ने पौधों की सुरक्षा के लिए प्रत्येक पौधे के चारों ओर सुरक्षा घेरा बनाया है और मवेशियों से बचाव के लिए फायरिंग रेंज परिसर में मेड़ भी तैयार की गई है। प्रारंभिक चरण में करीब 100 पौधे लगाए गए हैं। वहीं कई सामाजिक और स्वयंसेवी संगठनों ने भी इस अभियान से जुड़कर आगामी दिनों में बड़े पैमाने पर पौधरोपण करने की सहमति दी है। रक्षित निरीक्षक ने बताया कि पिछले वर्ष लगाए गए पौधे सुरक्षित हैं और अच्छी तरह विकसित हो रहे हैं, जिससे पौधरोपण के साथ उनके संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।



पेड़ लगाते पुलिस के अधिकारी।

### एकता दौड़, एकता परेड का होगा आयोजन

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सरदार पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में पूरे वर्ष एकता दौड़, एकता परेड, रक्तदान शिविर, व्याख्यान, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता, वाद-विवाद, श्रमदान और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन आयोजनों का उद्देश्य एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूत करना और समाज में राष्ट्रीय एकता, नागरिक जिम्मेदारी तथा जनभागीदारी को बढ़ावा देना है।

# ढाई साल बाद भी नहीं बदली सरकारी होर्डिंग्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़




बिलाईगढ़ नगर के मुख्य प्रवेश द्वार पर लगी सरकारी होर्डिंग्स एक बार फिर चर्चा में आ गया है। आश्चर्यजनक स्थिति यह है कि राज्य में सरकार बदले लगभग ढाई वर्ष बीत चुका है, लेकिन होर्डिंग्स पर पूर्व मुख्यमंत्री की तस्वीर लगी हुई है। इतना ही नहीं, बिलाईगढ़ को आज भी जिला बलौदाबाजार दर्शाया गया है, जबकि सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला बने लगभग चार वर्ष हो चुके हैं। होर्डिंग्स पर पूर्व विधायक एवं नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष की तस्वीरें भी अब तक नहीं हटाई गई हैं।

नगर पंचायत में कई प्रशासनिक एवं राजनीतिक परिवर्तन होने के बावजूद सूचना पट्ट और स्वागत द्वार अद्यतन नहीं किए गए हैं। इससे प्रशासनिक लापरवाही पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि सरकारी प्रचार प्रसार पर करोड़ों रुपए खर्च किए जाते हैं, तो सार्वजनिक स्थानों पर प्रदर्शित सूचनाओं को समय समय पर अद्यतन करना भी संबंधित विभागों की जिम्मेदारी है। ऐसे में यह स्पष्ट नहीं है कि इसकी जिम्मेदारी नगर पंचायत, लोक निर्माण विभाग जिला प्रशासन, नगरीय प्रशासन विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग या जनसंपर्क विभाग में से किसकी है। नगरवासियों का कहना है कि चुनाव आचार संहिता के दौरान राजनीतिक व्यक्तियों के चित्रों को ढंकने और हटाने की कार्रवाई की जाती है, लेकिन चुनाव समाप्त होने के बाद भी वर्षों तक पुराने जनप्रतिनिधियों की तस्वीरें और गलत प्रशासनिक जानकारी प्रदर्शित होना गंभीर लापरवाही का संकेत है।

# अब कॉलेज जाने में नहीं होगी बच्चों को दिक्कत, मरम्मत कार्य किया गया शुरू

**खबर का असर**

**पुसौर।** पुसौर के बोरोडीपा चौक से कॉलेज जाने वाला पहुंच मार्ग निर्माणाधीन होने के कारण पूरी तरह जर्जर हो गया था। बारिश के कारण सड़क पर कीचड़ और गड्ढे हो गए थे जिससे रोजाना सैकड़ों छात्र, छात्राएं और आम नागरिकों को आने जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

कई बार छात्र गिरते कॉलेज पहुंचते थे। इस जनसमस्या को हरिभूमि ने प्रमुखता से उजागर किया था। खबर प्रकाशित होते ही प्रशासन हरकत में आया और उसी दिन सड़क को आवागमन योग्य बनाने के लिए मरम्मत शुरू कर दी गई। नगर पंचायत सीएमओ ललित साहू ने बताया कि सड़क पर पहले मिट्टी मुरूम डाली गई थी जो बारिश का पानी भरने से कीचड़ में बदल गई थी। इसी वजह से राहगीरों को दिक्कत हो रही थी। समस्या को देखते हुए ठेकेदार को निर्देशित किया गया है कि वह जेसीबी के माध्यम से कीचड़ को हटाकर सड़क पर बजरी और मुरूम डाले। वर्तमान में सड़क पर बजरीकरण का काम किया जा रहा है ताकि आने जाने वाले लोगों को राहत मिल सके और आवागमन सुगम हो सके। उल्लेखनीय है कि इस मार्ग का उपयोग बोरोडीपा बस्ती के रहवासी, कन्या छात्रावास की छात्राएं, कॉलेज के विद्यार्थी और जीएडी कॉलोनी में रहने वाले लोग प्रतिदिन करते हैं। विद्यार्थियों और महिलाओं की आवाजाही को देखते हुए प्रशासन ने यह भी कहा है कि सड़क को हमेशा साफ स्वच्छ रखा जाए और मार्ग में किसी भी प्रकार के वाहन खड़े न किए जाएं ताकि यातायात बाधित न हो। स्थानीय लोगों और छात्रों ने खबर के तुरंत बाद हुई कार्रवाई पर संतोष व्यक्त किया है।



# अभिनव स्कूल के छात्रों ने किया पुसौर थाना का शैक्षिक भ्रमण

**पुसौर।** तहसील मुख्यालय पुसौर में संचालित अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम के अभिनव विद्यामंदिर पुसौर द्वारा हाल ही में कक्षा तीसरी और चौथी के नन्हें छात्रों के लिए थाना पुसौर का शैक्षिक भ्रमण आयोजित किया गया। कुछ दिन पूर्व अभिनव स्कूल प्रबंधन प्रमुख अक्षय कुमार सतपथी और उनकी टीम के सहयोग से पुसौर थाना के टीआई हर्षवर्धन सिंह स्कूल पहुंचे थे। वहां उन्होंने जागरूकता अभियान के तहत बच्चों को कानून सुरक्षा और सामाजिक जिम्मेदारियों से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी थीं। उसी दौरान बच्चों ने थाना कार्यालय को नजदीक से देखने की इच्छा जताई थी।

बच्चों की इस जिज्ञासा को ध्यान में रखते हुए बीते शनिवार को अवकाश के समय स्कूल के छात्रों को थाना पुसौर ले जाया गया। थाना पहुंचने पर सब इंस्पेक्टर कुंदन गौर एएसआई उमाचरण नायक प्रधान आरक्षक अमित तिर्की बसंत पाण्डेय दिलीप सिदार सहित समस्त स्टाफ ने बच्चों का स्वागत किया। पुलिस अधिकारियों ने बच्चों को थाना परिसर के विभिन्न हिस्सों की जानकारी दी। इस दौरान बच्चों को बंदी गृह, मालखाना और शस्त्रागार दिखाया गया। पुलिस जवानों ने उन्हें बंदूक, गोली और जब्त की गई सामग्रियों के बारे में विस्तार से बताया और यह भी समझाया कि इन चीजों का उपयोग किस तरह और किन परिस्थितियों में किया जाता है।



# राजस्व विभाग हटाएगा अतिक्रमण 15 जुलाई तक दिया अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

बरमकेला ब्लॉकि के ग्राम गोबरसिंहा में सार्वजनिक मार्ग और शासकीय भूमि पर कथित अतिक्रमण को लेकर वर्षों से चला आ रहा विवाद अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में राजस्व विभाग ने बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। राजस्व निरीक्षक मंडल गोबरसिंहा द्वारा जारी नोटिस के माध्यम से संबंधित पक्षों को 15 जुलाई तक स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने का अंतिम अवसर दिया गया है। स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित समयावधि तक कब्जा नहीं हटाने की स्थिति में प्रशासन स्वयं मौके पर पहुंचकर बेदखली एवं अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करेगा।

राजस्व विभाग के दस्तावेजों में उल्लेख किया गया है कि खसरा नंबर 592/1 रकबा 0.021 हेक्टेयर तथा खसरा नंबर 410/ रकबा 0.029 हेक्टेयर की शासकीय भूमि पर गड्ढा खोदकर एवं मकाननुमा निर्माण कर अतिक्रमण किए जाने की जानकारी न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत हुई थी। न्यायालय के आदेश के बाद अब उक्त भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए विधिसम्मत कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। प्रशासन का कहना है कि शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा सार्वजनिक हितों को प्रभावित करता है।



### स्कूलों तक पहुंचने वाला प्रमुख सार्वजनिक मार्ग

जिस भूमि पर कार्रवाई प्रस्तावित है वह अनुसूचित जाति छात्रावास, सरस्वती शिशु मंदिर तथा माध्यमिक कन्या शाला तक पहुंचने वाले महत्वपूर्ण सार्वजनिक मार्ग का हिस्सा बताई गई है। इस मार्ग पर निर्माण होने के कारण विद्यार्थियों, छात्रावास के रहवासियों, शिक्षकों एवं ग्रामीणों को लंबे समय से आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों के अनुसार कई बार इस विषय में प्रशासन का ध्यान भी आकर्षित कराया गया था, जिसके बाद मामला न्यायालय तक पहुंचा। ग्रामीणों का कहना है कि यह रास्ता केवल विद्यालय तक पहुंचने का साधन नहीं, बल्कि गांव के अनेक लोगों के दैनिक आवागमन का प्रमुख मार्ग भी है। ऐसे में मार्ग पर किसी भी प्रकार का अवरोध पूरे गांव की सुविधा को प्रभावित करता है।

सार्वजनिक मार्ग और शासकीय भूमि गांव की सामूहिक संपत्ति है। जिस पर किसी भी प्रकार का अवरोध या कब्जा पूरे गांव के हितों को प्रभावित करता है।

**उज्जवल मीरी**
**सरपंच ग्राम पंचायत गोबरसिंघा**

सार्वजनिक भूमि पर कब्जे की शिकायत मिली थी। संबंधित पक्षों को 15 जुलाई तक कब्जा हटाने का समय दिया गया है। इसके बाद नियमानुसार कार्वाई कर कब्जा हटाया जाएगा।

**कोमल प्रसाद साहू**
**तहसीलदार, सरिया**

# हर माह की आर्थिक सहायता से बढ़ रहा है महिलाओं का आत्मविश्वास

**रायगढ़।** समाज के समग्र विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। जब महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होती हैं, तो उसका सकारात्मक प्रभाव पूरे परिवार और समाज पर दिखाई देता है। इसी सोच को साकार करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए महतारी वंदन योजना की शुरुआत की। यह योजना केवल आर्थिक सहायता प्रदान करने तक सीमित नहीं है बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और सम्मानजनक जीवन जीने की दिशा में सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम बन गई है।

योजना के अंतर्गत प्रत्येक माह पात्र महिलाओं के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण डीबीटी के माध्यम से राशि जमा की जाती है। इससे सहायता राशि बिना किसी मध्यस्थ के सीधे हितग्राहियों तक पहुंच रही है। नियमित आर्थिक सहयोग से महिलाओं में आर्थिक सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है और वे परिवार की जिम्मेदारियों में पहले से अधिक आत्मविश्वास के साथ भागीदारी निभा रही हैं। आज जारी हुई 29वीं किस्त ने एक बार फिर महिलाओं के चेहरे पर मुस्कान बिखेर दी है। महतारी वंदन योजना की राशि का उपयोग महिलाएं अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप कर रही हैं। यह राशि घर के राशन, रसोई, बच्चों की पढ़ाई, स्कूल की फीस, पुस्तकें, यूनिफॉर्म, स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों तथा अन्य घरेलू खर्चों को पूरा करने में सहायक बन रही है। अनेक महिलाएं नियमित बचत कर भविष्य की जरूरतों के लिए आर्थिक सुरक्षा भी सुनिश्चित कर रही हैं।

